हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 सितंबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 वां आयुर्वेद दिवस, 'सेवा संकल्प अभियान...



लैब असिस्टेंट के प्रश्नपत्र में आपत्तिजनक लोकोक्ति...



खबर संक्षेप

मूरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

बंगोली। गणराज गणेशोत्सव समिति पत्थर खदान ग्राम मूरा में 25 सितंबर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम -मोर कारी करौंदा ग्राम पिकरीडीह खरोरा की प्रस्तुती होगी। कार्यक्रम गायक विक्रम पाटिल, भूमि बघेल होंगे। मुख्य अतिथि नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, अध्यक्षता अनिता योगेंद्र शर्मा धरसींवा पूर्व विधायक होंगी। विशिष्ट अतिथि कंचन टोकेन्द्र गायकवाड़ सरपंच मूरा, समस्त क्रेशर मालिक तथा समस्त ग्रामवासी मूरा होंगे।

पूर्व विधायक सिंघानिया ने पलारी में कार्यकर्ताओं से की भेंट-मुलाकात



पलारी। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया बुधवार को पलारी प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पलारी रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय साथियों से भेंट-मुलाकात की। राजकमल सिंघानिया पूर्व में कसडोल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। रेस्ट हाउस में आयोजित मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र की राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों सहित संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति ▶▶|शेष पेज 10 पर

बदहाल सड़क, गंदगी पर बिफरे व्यापारी, कल नगर बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

व्यापारी संघ ने समस्याओं को लेकर नगर पंचायत में सौंपा ज्ञापन

नगर की बदहाल सड़कों, जगह-जगह गड्ढों, नालियों की नियमित सफाई नहीं होने, धूल की समस्या एवं पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर शिवरीनारायण व्यापारी संघ ने मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सीएमओ/अध्यक्ष के नाम आवेदन सौंपा। व्यापारियों ने समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं होने की स्थिति में 25 सितंबर को नगर बंद का आह्वान किया है। व्यापारी संघ के इस आह्वान को सराफा संघ ,सब्जी व्यवसाई संघ ने भी समर्थन देते हुए नगर बंद में शामिल होने की सहमति दी है।

व्यापारियों ने बताया कि आगामी दिनों में नवरात्रि महोत्सव एवं मेला, दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार हैं। ऐसे समय में नगर की सड़कों की स्थिति बेहद खराब होने से आम नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में शिवरीनारायण-गिधौरी मार्ग, केरा मार्ग एवं खैरताल मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रहा है। वहीं नगर में धूल की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि नगर का अधिकांश हिस्सा धूल के गुबार में समा गया है तथा नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी की समस्या बढ़ रही है। व्यापारियों ने पेयजल व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि ▶▶|शेष पेज 10 पर

पहले भी दे चुके हैं आवेदन

व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण को लेकर कुछ दिन पूर्व एसडीएम एवं तहसीलदार के समक्ष भी आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद मंगलवार को नगर पंचायत में सीएमओ के नाम आवेदन सौंपकर समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई है। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो 25 सितंबर को नगर बंद किया जाएगा।



ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्थ मोनू, रुपेश, रितेश, बद्री, विमल सोनी, संजय यादव, प्रांशु, सनी गुप्ता, सत्रुघन सोनी, शिवशंकर सोनी, सुधांशु तिवारी, अजितसेन तिवारी, हरि, उमेश्वर गोपाल केवट सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने इंजीनियर और ठेकेदारों की बैठक लेकर की सड़क निर्माण की समीक्षा

खराब सड़कों से जल्द मिलेगी निजात,गड्ढों को भरने के लिये डबल्यूएमएम कार्य शीघ्र होग़ा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिलेवासियों को ख़राब सड़कों से होने वाली परेशानी से जल्द मुक्ति मिलने वाली है। मानसून के विदाई के साथ ही सभी ख़राब सड़कों की मरम्मत के कार्य तीव्र गति से शुरू होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा की। उन्होंने इंजीनियर औऱ ठेकेदारों को दो टूक शब्दों मे कहा कि खराब सड़कों के कारण लोगों ने बहुत परेशानी का सामना किया है, अब तय समय -सीमा में ही काम पुरा कराना होग़ा अन्यथा कार्यवाही के लिये तैयार रहना होग़ा। कलेक्टर ने बलौदाबाजार के स्पोर्ट्स स्टेडियम मे 8 लेंन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए इंटरनेशनल मापदंड के अनुरूप निर्माण 20 दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराने ▶▶|शेष पेज 10 पर

लापरवाही पर ठेकेदार और इंजीनियर पर होगी कड़ी कार्यवाई : कलेक्टर

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि सभी सम्बधित ठेकेदार कल से ही ख़राब सड़कों मे बड़े गड्ढों को भरने डबल्यूएमएम का कार्य शुरू करें, नवीनीकरण वाले सड़क के पूर्व के डामरीकरण को उखाड़ने का कार्य भीं 2 दिन मे शुरू करें और 15 अक्टूबर से मशीनरी एवं मानव संसाधन की संख्या बढाकर तीव्र गति से सड़क निर्माण प्रारम्भ कराएं। उन्होंने समय सीमा तय करते हुए अधिकांश सड़कों को 31 दिसम्बर तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तय समय- सीमा मे अब औऱ कोई वृद्धि नहीं की जाएगी, जो ठेकेदार समय पर काम पूरा नहीं करेंगे उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ और सब इंजीनीयर को स्पष्ट निर्देश दिये कि ठेकेदारो द्वाराकिये जाने वाले कार्यों का सुबह -शाम जानकारी लिया जाए और प्रत्येक सड़क की प्रगति की 15 -15 दिन मे रिपोर्ट भी दिया जाए।

बेटी के भविष्य के लिए महतारी वंदन की राशि बनी सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पति के गुजर जाने के बाद परिवार की जिम्मेदारियां संभालना किसी भी महिला के लिए आसान नहीं होता।



ऐसे कठिन समय में जब सरकार की योजना आर्थिक सहारा बनकर साथ खड़ी होती है, तो वह केवल वर्तमान की जरूरतें पूरी करने का माध्यम नहीं रहती, बल्कि भविष्य के सपनों को संवारने का आधार भी बन जाती है। ग्राम रिसदा की जानकी वर्मा पति स्व. विश्राम वर्मा के लिए महतारी वंदन योजना ऐसी ही उम्मीद और संबल लेकर आई है।

जानकी वर्मा बताती हैं कि पति के निधन बाद परिवार चलाना काफी मुश्किल हो गया था। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ बच्चों के भविष्य की चिंता भी बनी रहती थी। ऐसे समय में महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने मिलने वाली 1000 रुपए की सहायता राशि उनके लिए आर्थिक सहारा बनी है। जानकी इस राशि को खर्च करने के बजाय अपनी बेटी के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से उसके नाम से खोले गए खाते में जमा कर रही हैं। उनका कहना है कि आज की यह छोटी-सी बचत आने वाले समय में उनकी बेटी की पढ़ाई और बेहतर भविष्य के लिए मददगार साबित होगी। जानकी वर्मा के लिए यह पहल केवल आर्थिक बचत नहीं, बल्कि 'नोनी सशक्तिकरण' की दिशा में एक मां का संकल्प है। वह चाहती हैं कि उनकी बेटी भविष्य में आत्मनिर्भर बने, अपने सपनों को पूरा करे और किसी के सामने मजबूर न हो। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता को बेटी के भविष्य के लिए सुरक्षित कर जानकी ने अपने वर्तमान संघर्ष के बीच आने वाले कल ▶▶|शेष पेज 10 पर

गोपाला डेयरी पर प्रशासन का शिकंजा पनीर-दही के सैंपल लैब भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं अक्षय कुमार मोनी अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में डेयरी ए ना लॉ ग कृत्रिम, नकली डेयरी उत्पादों के विरुद्ध सघन नि री क्ष ण अ भि या न चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा गोपाला डेयरी एक्सिस बैंक के बाजू बलौदाबाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोपाला डेयरी में उपलब्ध पनीर और दही की गुणवत्ता पर डेयरी एनालॉग होने का संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से पनीर एवं दही का वैधानिक नमूना जब्त किया गया। सैम्पल रासायनिक विश्लेषण के लिए तत्काल राज्यं खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की दंडात्मक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- वैध खाद्य पंजीयन नहीं होने पर गोपाला डेयरी को कराया गया बंद

जांच के दौरान जब फर्म के संचालक से खाद्य कारोबार से जुड़े वैधानिक दस्तावेज मांगे गए, तो मौके पर कोई भी वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया, इसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 का गंभीर उल्लंघन मानते हुए विभाग द्वारा तत्काल प्रकरण तैयार किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा गोपाला डेयरी को लिखित निर्देश जारी कर वैध खाद्य पंजीयन, लाइसेंस बनवाए जाने तक खाद्य कारोबार को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए है।



नगर पंचायत पवनी में 252 हितग्राहियों को मिले आवास योजना के भवन अनुज्ञा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत पवनी में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत भवन अनुज्ञा पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के 252 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों की उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्का और सुरक्षित मकान उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भवन अनुज्ञा पत्र मिलने के बाद पात्र हितग्राहियों के लिए अपने स्वयं के पक्के मकान के निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है। अध्यक्ष कुलदीप साहू ने डेढ़ वर्ष में किए गए करोड़ो के विकास कार्यों को गिनते हुए कहा कि नगर पंचायत पवनी में योजना के तहत लगातार हितग्राहियों को लाभ मिलने से नगर के जरूरतमंद परिवारों में भी उत्साह का माहौल है। उपाध्यक्ष नंदू साहू ने कहा सभी पात्र आवास के हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ▶▶|शेष पेज 10 पर

जरूरतमंद परिवारों को मिल रहा आवास का सहारा

प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। भवन अनुज्ञा पत्र वितरण के साथ ही हितग्राहियों को अपने घर के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सुविधा मिलेगी।कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद करन साहू ने कहा कि सरकार की आवास योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। जिन परिवारों के पास वर्षों से अपना पक्का मकान नहीं था, उनके लिए यह योजना काफी महत्वपूर्ण साबित हो रही है। अपने घर का सपना देखने वाले गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से सहारा बनने के साथ ही उन्हें सुरक्षित और बेहतर जीवन की ओर आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान कर रही है।

25 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

कसडोल। ग्राम सेल में शराब कोचिया से पुलिस ने 25 लीटर महुआ शराब जब्त की और आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम सेल में घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को जब्त करते हुए आरोपी की पहचान शिवरतन कैवर्त 46 वर्ष निवासी ग्राम सेल, थाना कसडोल के रूप में की। आरोपी के खिलाफ थाना ▶▶|शेष पेज 10 पर







खबर संक्षेप

कुएं के पानी से किसान को मिल रहा सालभर रोजगार

बलौदाबाजार। जिले के विकासखंड पलारी से करीब 6 किमी दूर कोसमंदी पंचायत के



मुरली प्रसाद वर्मा के लिए खेत में बना कुआं सिर्फ सिंचाई का साधन नहीं, बल्कि उनकी खेती में आए बड़े बदलाव की वजह बना है। कभी बारिश के पानी पर निर्भर रहने वाली उनकी 2.5 एकड़ जमीन अब सालभर खेती के काम आ रही है। सिंचाई सुविधा मिलने के बाद मुरली प्रसाद अब धान के साथ गेहूं, चना और सरसो जैसी फसलों की खेती कर दोहरी फसल का लाभ ले रहे हैं। कृषक मुरली प्रसाद के लिए पहले सिंचाई साधनों की कमी बड़ी चुनौती थी। बारिश पर निर्भरता के कारण समय पर फसल लेना मुश्किल होता था और धान के बाद दूसरी फसल की खेती नहीं कर पाते थे। अपनी निजी भूमि में सिंचाई सुविधा विकसित करने के उद्देश्य से उन्होंने ग्राम पंचायत कोसमंदी में कुआं निर्माण की मांग रखी। कुआं निर्माण पूर्ण होने और जलभराव होने के बाद मुरली प्रसाद की खेती की तस्वीर बदल गई। अब उन्हें सिंचाई के लिए बारिश का इंतजार नहीं करना पड़ता। खेत में पानी की उपलब्धता होने से वे समय पर धान की खेती कर रहे हैं और इसके बाद गेहूं, चना तथा सरसों जैसी फसलें भी ले पा रहे हैं। पहले असिंचित पड़ी 2.5 एकड़ जमीन अब नियमित खेती के काम आ रही है, जिससे उनकी कृषि आय में भी वृद्धि हुई है।

दृष्टि की रोशनी बनी अदाणी फाउंडेशन की पहल



तिल्दा नेवरा। तिल्दा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट विज़न केयर ने उल्लेखनीय पहल की है। अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सहयोग से चलाए गए इस अभियान के तहत 16 गांवों में 27 नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए। करीब एक महीने चले अभियान में 2,785 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। इनमें 1,760 पुरुष और 1,025 महिलाएं शामिल रहीं। अभियान के दौरान 1,556 लोगों में दृष्टिदोष पाया गया। इनमें 1,546 लोगों को चश्मे की आवश्यकता थी। अदाणी फाउंडेशन की ओर से 922 लाभार्थियों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि शेष लाभार्थियों के चश्मे तैयार होने के बाद उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विशेषज्ञों की जांच में 171 लोगों में मोतियाबिंद तथा 962 लोगों में आंखों से संबंधित अन्य बीमारियां सामने आईं। कुल 1,133 मरीजों को आगे के उपचार एवं विशेषज्ञ परामर्श के लिए रेफर किया गया, ताकि उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिल सके। अभियान के तहत मुरा, रायखेड़ा, भाटापारा, गैतरा, खपरी, चिचोली, गौरखेड़ा, ताराशिव, छटोद, कोनारी, सोनतरा, खमरिया, मोहरेंगा, बरतोरी, तुलसी और बहिसर सहित 16 गांवों में शिविर लगाए गए।

बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने दिया जोर, प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत रायपुर के जोरा स्थित प्रतिष्ठा मांगलिक भवन में आयोजित तीन दिवसीय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर में बलौदाबाजार शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन शामिल हुए। शिविर में रायपुर संभाग के विभिन्न ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं मास्टर ट्रेनरों को संगठन को वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान संगठन संचालन, कार्यकर्ताओं की भूमिका, जनसंपर्क, सामाजिक समरसता, धर्मनिरपेक्षता तथा संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर सक्रिय रखने जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही वार्ड और बूथ स्तर पर नियमित संपर्क, सक्रिय कार्यकर्ता नेटवर्क तथा जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। शिविर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं से समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने युवाओं की भूमिका, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धर्म एवं धर्मनिरपेक्षता, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने राजस्व व जनकल्याणकारी योजनाओं, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सत्ता-संगठन में समन्वय तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कृषि एवं सिंचाई के क्षेत्र में कांग्रेस के योगदान पर जानकारी दी। एआईसीसी से पहुंचे सौरभ वाजपेयी ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजादी के बाद तक कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला।

प्रवीण सेन ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। इसका लाभ बलौदाबाजार शहर के प्रत्येक वार्ड और बूथ तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीनी कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक ताकत हैं। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

डिंपल और जयश्री का राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा की दो प्रतिभाशाली छात्राओं डिंपल टंडन (कक्षा 11वीं) एवं जयश्री जोशी (कक्षा 9वीं) का स्कूल राज्य स्तरीय विद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु चयन होने पर विद्यालय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। दोनों छात्राएँ 23 सितंबर से 27 सितंबर 2026 तक राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय परिवार ने इसे खेल क्षेत्र में विद्यार्थियों की बढ़ती उपलब्धियों तथा विद्यालय में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के सकारात्मक परिणाम के रूप में बताया। विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा राज्य स्तर पर चयनित छात्राएँ अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं मेहनत के बल पर विद्यालय, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की बेटियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुँचना अत्यंत प्रेरणादायक उपलब्धि है। व्यायाम शिक्षक योगेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास करते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, सदस्यगण दुलेश साहू, यज्ञदत्त शर्मा, सचिन अग्रवाल, संजीव देवांगन, रश्मि वर्मा, सुनील नायक, गुरजीत कौर भाटिया, गुरदीप छाबड़ा, पंचराम यादव, योगेश द्विवेदी तथा समस्त शाला परिवार ने डिंपल टंडन एवं जयश्री जोशी को राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल सफलता की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

भाटापारा रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की गति धीमी

भाटापारा। अमृत भारत योजना के अन्तर्गत भाटापारा रेलवे स्टेशन के कायाकल्प नवीनीकरण सर्वसुविधायुक्त रेलवे स्टेशन का कार्य चल रहा है, लेकिन जिस धीमी रफ्तार में काम हो रहा है, वह कब तक पूरा होगा कहना मुश्किल है। रेलवे स्टेशन के सामने जो स्थिति वर्तमान में बनी हुई है, इससे शहरवासियों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।\



स्टेशन के सामने की सड़क जहां दिनभर आवाजाही स्टेशन जाने वाले यात्रियों सहित नगरवासियों की लगी रहती है, सीसी रोड इतनी उबड़खाबड़ है कि सड़क की गिट्टी व छड़ उपर आ गया है, जिससे अनजाने दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता है। सड़क का चौड़ीकरण का काम भी अधूरा और जहां तक हुआ है उसमें भी अवैध पार्किंग सहित अन्य लोगों द्वारा कब्जा कर लेने से सड़क सकरी हो गई है, इसके चलते सड़क के एक ही तरफ यातायात का पूरा दबाव बना रहता है, जिसके चलते यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन में अमृत भारत रेलवे स्टेशन कार्य का निरीक्षण कई बार उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया और उनसे स्टेशन के सामने की सड़क सहित पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किये जाने की मांग भी रखी गई, लेकिन आज भी काम अधूरा पड़ा है और व्यवस्था में कब तक सुधार होगा यह कहा नहीं जा सकता।

भैंसा की स्कूलों में होंगे निर्माण कार्य, 54.13 लाख की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसा

आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैंसा स्थित शासकीय विद्यालयों में अधोसंरचना और सुविधाओं के विस्तार के लिए 54.13 लाख की राशि स्वीकृत प्रदान की गई है। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की पहल से मिली इस स्वीकृति के बाद क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे। स्वीकृत राशि के तहत शासकीय हाई स्कूल भैंसा में परिसर में शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये तथा सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए अहाता निर्माण हेतु 20 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भैंसा में विद्यार्थियों के बैठने और पठन-पाठन की बेहतर व्यवस्था के लिए तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु 14.13 लाख की राशि मंजूर की गई है।

इन तीनों विकास कार्यों को मिलाकर कुल 54.13 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने से भैंसा के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। प्राथमिक शाला में नए अतिरिक्त कक्ष बनने से



कक्षाओं के सुचारू संचालन में सहूलियत होगी, वहीं हाई स्कूल में शेड और अहाता निर्माण से स्कूल परिसर अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगा। यह सौगात के मिलने पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विद्यालयों में आधारभूत और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की उच्च प्राथमिकता है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश के शिक्षा मंत्री के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया है।

पक्की छत ने बदली हनीफ बेग के परिवार की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नगर पंचायत रोहांसी के वार्ड 14 निवासी हनीफ बेग का वर्षों पुराना पक्के मकान का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत साकार हुआ है। पहले कच्चे मकान में रहने के दौरान उन्हें और उनके परिवार को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

- प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ पक्के घर का सपना

बारिश के दिनों में घर में पानी आने के साथ ही कीड़े-मकोड़े, चूहे, सांप और बिच्छू जैसे जीवों का डर भी बना रहता था। हर साल बारिश के मौसम में घर की मरम्मत करवाने पर काफी खर्च होता था। निम्न आय वर्ग से होने के कारण बार-बार होने वाला यह अतिरिक्त खर्च परिवार के लिए परेशानी का सबब बनता था। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत होना उनके लिए नई उम्मीद लेकर आया।

योजना के तहत पक्का मकान बनने के बाद अब हनीफ बेग का परिवार सुरक्षित और बेहतर आवास में सुकून से रह रहा है। पक्की छत ने उन्हें बारिश और खराब मौसम से होने वाली परेशानियों से राहत दी है। इसके साथ ही अपने पक्के घर का सपना पूरा होने से परिवार के आत्मसम्मान में भी वृद्धि हुई है।

हनीफ बेग कहते हैं कि पहले हर बारिश के मौसम में घर को लेकर चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब पक्की छत के साथ परिवार को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास होता है। अपने जीवन में आए इस सकारात्मक बदलाव के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है।

सशिमं कसडोल में 25 सितंबर को एक साथ गूंजेगा 'वंदे मातरम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली द्वारा देशभर में 'नमामि भारतम्' अभियान के तहत 25 सितंबर को सामूहिक गान का आयोजन किया जाएगा।

इसके अंतर्गत विद्या भारती से संबद्ध सभी विद्यालयों में सुबह 11 बजे एक ही समय और एक ही लय में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गान किया जाएगा। कसडोल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में भी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विद्यालय के प्राचार्य जयलाल मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गान का अभ्यास कराया जा रहा है।

700 लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लगभग 700 लोगों को सामूहिक गान से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इसमें विद्यालय संचालन समिति के सदस्य, विद्यार्थी, पूर्व छात्र, पूर्व आचार्य, संघ परिवार से जुड़े सदस्य एवं अभिभावकों को शामिल किया जा रहा है।

कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर में तैयारियों के साथ-साथ सामूहिक गान के निर्धारित स्वर, लय और अनुशासन का भी अभ्यास कराया जा रहा है।

जिला भाजपा ने 13 कार्यों के प्रगति की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भाजपा ने जिला कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अभियान के तहत अब तक किए गए सेवा कार्यों एवं सभी 13 कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही आगामी गतिविधियों की कार्ययोजना और आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा हुई। बैठक में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, संभाग प्रभारी डॉ. राजीव, जिला प्रभारी अमित कुमार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल तथा डॉ. अजय राव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर सेवा, जनसंपर्क एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने अभियान की जमीनी प्रगति की जानकारी ली तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं से व्यापक जनभागीदारी के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही केंद्र सरकार के कार्यों और योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा जनता से निरंतर संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया।

पेज 9 के शेष

व्यापारी संघ ने ....

कुछ क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के दौरान नाली का गंदा पानी आने की शिकायतें सामने आ रही हैं। अमृत जल जीवन मिशन के तहत नगर में पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है, लेकिन साफ-सफाई एवं मूलभूत व्यवस्थाओं पर भी समान रूप से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

बेटी के भविष्य के...

के लिए उम्मीद की एक मजबूत नींव रखी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जानकी वर्मा कहती हैं कि प्रदेश की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना एक महत्वपूर्ण पहल है। पति के निधन के बाद जब परिवार की जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आईं, तब इस योजना से मिलने वाली सहायता ने उन्हें आर्थिक संबल दिया। वे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहती हैं कि इस सहयोग से उन्हें अपनी बेटी के भविष्य के लिए बचत करने का अवसर मिला है। जानकी की कहानी इस बात की भावनात्मक मिसाल है कि एक मां अपने संघर्षों के बीच भी अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य का सपना देखती है और उसे साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करती है। महतारी वंदन योजना से मिला आर्थिक संबल अब जानकी के लिए 'नोनी सशक्तिकरण' की उम्मीद बनकर उनकी बेटी के बेहतर और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

खराब सड़कों से जल्द...

ठेकेदार को निर्देशित किया। इसी तरह बलौदाबाजार मे इंडोर स्टेडियम कम्पलेस निर्माण कार्य मे प्रगति लाने, दामखेड़ा स्थित कबीर सागर मे विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य एवं गिरौदपुरी धाम मे श्रद्धालुओं के लिये स्थायी छाया निर्माण को जिले की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए 31 दिसम्बर 2026 तक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक मे कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा सहितएसडीओ, सब इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित थे। उन्होंने 31 दिसम्बर 2026 तक पूरे 50 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूर्ण कराने की समय -सीमा तय की। इसीतरह भाटापारा के पड़कीडीह-रावन -सकलोर -हिरमी मार्ग करीब 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण 31 दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कराने ठेकेदार को निर्देशित किया। कोटा -जारा -संडी मार्ग लगभग 11.50 किलोमीटर के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि कलवर्ट को छोड़कर शेष निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। भाटापारा -सेमरिया -चन्दखुरी मार्ग लम्बाई 13.15 किलोमीटर के निर्माण मे शेष डामरीकरण कार्य 2 लेयर मे 31 दिसम्बर 2026 तक, रिसदा बाई पास मार्ग लम्बाई 7 किलोमीटर कलवर्ट छोड़कर 31 दिसम्बर तक एवं भाटापारा के नयापारा -से सकरी -सतभांवा पहुंच मार्ग लम्बाई 5.80 किलोमीटर 30 नवम्बर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बलौदाबाजार -रिसदा -हथबद -सिमगा मार्ग नवीनीकरण कार्य की लेट लतीफी पर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कल से ही गड्ढों को भरने डब्लूएमएम कार्य शुरू करने और 2 दिन मे पुराने डामरीकरण को उखाड़ने का काम शुरू करने कहा।

पूर्व विधायक सिंघानिया ...

और स्थानीय स्तर पर चल रही गतिविधियों की जानकारी भी ली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को उनके समक्ष रखा तथा आपसी संवाद के माध्यम से आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की।उक्त अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, यमलोक साहू, नपा उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पलारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे, सोनाखान ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, कसडोल जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, कलीराम सेन, मनीष चंद्राकर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगर पंचायत पवनी में 252...

इस कार्यक्रम में नगर पंचायत पवनी के अध्यक्ष कुलदीप साहू, उपाध्यक्ष नंदू साहू, पार्षद करन साहू, सीएमओ मजीद खान, पार्षद कमलेश साहू, पिंटू साहू, रामगोपाल साहू, नंदलाल साहू, गणेश साहू, रामकृष्ण साहू, लीलांबर साहू, लोकनाथ साहू, टीकम साहू, राजेश चौहान, अमित साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी और नगर के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे । 396 हितग्राहियों को मिल चुका है योजना का लाभ :नगर पंचायत पवनी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद तथा नगर पंचायत में भाजपा समर्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के निर्वाचित होने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभ मिलने की बात सामने आई है। अब तक 396 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ मिल चुका है। वहीं, आने वाले दिनों में करीब 240 और हितग्राहियों की सूची जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। सूची जारी होने के बाद योजना का लाभ पाने वाले हितग्राहियों की संख्या में और वृद्धि होगी।

25 लीटर महुआ शराब जब्त ....

कसडोल में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

गणेश पंडाल में गरुड़ पर विराजे गणपति के चरणों में बैठी चील, 8 घंटे से एक ही मुद्रा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

गणेश चतुर्थी पर बलौदा बाजार जिले के पलारी ब्लाक के ग्राम सुन्द्रावन में आस्था का एक अनोखा मामला सामने आया है। कनौजे मोहल्ले में गरुड़ पर विराजमान गणपति बप्पा के पंडाल में बुधवार सुबह से एक बड़ी चील आकर बैठ गई है। यह चील भगवान गणेश की प्रतिमा के पैरों के पास बैठी हुई है और पिछले 8 घंटे से एक ही मुद्रा में अपना सिर हिला रही है जो आसपास खड़े श्रद्धालुओं को



निहार रही है। ग्रामीण इस घटना को भगवान गणेश की कृपा और आस्था का प्रतीक मान रहे हैं। उनका कहना है कि पंडाल में भीड़-भाड़ और शोर-शराबा होने के बावजूद यह चील न तो यहां से भाग रही है और न ही डर रही है। आमतौर पर चील दूर से ही इंसान को देखकर उड़ जाती है, लेकिन यह पक्षी भगवान के बुलावे पर यहां आकर शांत बैठा है। ग्रामीणों की माने तो यह भगवान गणपति की महिमा है कि उनके दरबार में पहुंची यह चील उनके आशीर्वाद का प्रतीक बन गई है। फिलहाल इस गांव में गणेशजी के पंडाल पर बैठे चील पक्षी को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कोई इसे भगवान की कृपा कह रहा है, तो कोई इसे आस्था का चमत्कार। ग्रामीणों की गहरी भक्ति का ही परिणाम है कि वे इस पक्षी के दर्शन को भी भगवान गणेश के दर्शन के समान पुण्यदायी मान रहे हैं। यह दृश्य पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

खबर संक्षेप

7 व 8 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

बलौदाबाजार। प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में 7 एवं 8 अक्टूबर 2026 को बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्रों के 8 हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार लिया जायेगा। विभिन्न पदों पर आवेदन करने से पूर्व आवेदक का जिला कार्यालय का रोजगार पंजीयन होना अनिवार्य है। आवेदक अपना रोजगार पंजीयन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से पोर्टल पर या छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से रोजगार मेला हेतु आवेदन कर सकते है । इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय या दूरभाष न. 07727299443 से सम्पर्क कर सकते है।

भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

बलौदाबाजार/ हिरमी रावन। प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा जिला भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ की जिला



कार्यकारिणी घोषित की गई है। घोषित कार्यकारिणी में अनुपम अग्रवाल को जिला संयोजक, पीयूष मिश्रा को सह संयोजक, डॉ. दौलत वर्मा को सह संयोजक, नवल किशोर निर्मलकर को कार्यालय प्रभारी, मनीषा सलूजा को कार्यालय सहप्रभारी, तारिणी राजपूत को मीडिया प्रभारी, साहिल मेहता को मीडिया सहप्रभारी, आदित्य ठाकुर को सोशल मीडिया प्रभारी, शंकर ढुलानी को सोशल मीडिया सहप्रभारी तथा जोगिंदर ढुलानी को मन की बात प्रभारी बनाया गया है। नई कार्यकारिणी के माध्यम से भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा व्यापारियों, उद्यमियों और आर्थिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ समन्वय बढ़ाने तथा आर्थिक विषयों से संबंधित गतिविधियों को जिले में आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

निधन

पंकज वर्मा

अर्जुनी। ग्राम मिरगी (अर्जुनी) निवासी पंकज वर्मा का 17 सितम्बर को निधन हो गया। उनका



अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक वर्मा के पुत्र व कृष्णा वर्मा सोनू के भाई थे। अंतिम संस्कार में भारी संख्या में गणमान्य व स्वजातीयगण उपस्थित रहे। उनका दशगात्र 26 सितम्बर को रखा गया है।

रामप्यारी यदु

भाटापारा। रामप्यारी यदु पति स्व. रामनारायण यदु का 23 सितंबर को



निधन हो गया । वे पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष रमेश यदु की भाभी व अरुण यदु, चन्द्रकांत यदु, सूर्यकांत यदु, ललिता यदु व सरिता यदु की मां थी । अंतिम यात्रा 24 सितम्बर गुरुवार सुबह 10 बजे रामसागरपारा निवास स्थान से निकलेगी।

11 वां आयुर्वेद दिवस, 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत लगे स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा और पौधारोपण के जरिए दिया गया स्वस्थ जीवनशैली का संदेश





11वें आयुर्वेद दिवस एवं 'सेवा संकल्प अभियान' के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न जन-जागरूकता और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद', योग और प्राकृतिक दिनचर्या को आमजन के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना रहा।

कार्यक्रम की श्रृंखला में जिले के विभिन्न स्थानों पर औषधीय पौधों का रोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और औषधीय वनस्पतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।

इसके साथ ही, आयुष विभाग द्वारा विशेष आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जांच और औषधियां प्रदान की गईं। मानसिक और शारीरिक आरोग्य के लिए प्रातकाल योग एवं ध्यान (मेडिटेशन) सत्रों का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक संस्थानों में आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्वक सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रमों के जरिए यह संदेश दिया गया कि आयुर्वेद केवल रोगों का उपचार नहीं, बल्कि एक पूर्ण स्वस्थ जीवनशैली जीने की कला है। नियमित योग, ध्यान और आयुर्वेदिक सिद्धांतों को अपनाकर बीमारियों से बचा जा सकता है।

दिन-रात शराबखोरी की शिकायत, पुलिस पेट्रोलिंग पर उठे सवाल

दुर्गा बाड़ा और स्कूल परिसर में नशाखोरी नशेड़ियों के लिए बना 'सेफ जोन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शहर में शराब बेचने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसके बावजूद शहर के बीचों-बीच स्थित कुछ स्थानों पर खुलेआम शराबखोरी और नशे के सेवन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुर्गा बाड़ा तथा आदर्श हेमू कलानी स्कूल परिसर नशेड़ियों के लिए कथित तौर पर 'सेफ जोन' बन गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्गा बाड़ा के दोनों प्रवेश द्वारों पर ताले लगे रहते हैं, लेकिन नशे के आदी लोग कथित तौर पर तालों को तोड़कर परिसर में प्रवेश कर जाते हैं और अंदर बैठकर शराब व अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। लोगों का कहना है कि यह स्थान आस्था से जुड़ा होने के बावजूद यहां ऐसी गतिविधियां चिंता का विषय बनी हुई हैं।



स्कूल परिसर में भी शराबखोरी की शिकायत

दुर्गा बाड़ा से लगे आंगनबाड़ी और आदर्श हेमू कलानी स्कूल परिसर को लेकर भी स्थानीय लोगों ने शराबखोरी की शिकायत की है। लोगों का कहना है कि स्कूल परिसर में प्रार्थना शेड बनने और स्कूल बंद रहने के दौरान लोग दिन-रात यहां बैठकर शराब पीते दिखाई देते हैं। शेड होने के कारण बारिश और मौसम की खराबी के दौरान भी उन्हें बैठने में परेशानी नहीं होती।

पुलिस कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा शहर के दूरदराज या सुनसान स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, लेकिन शहर के बीच स्थित इन स्थानों पर कथित शराबखोरी के बावजूद नियमित निगरानी नजर नहीं आती। स्थानीय लोगों के अनुसार इस संबंध में पुलिस से कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दुर्गा बाड़ा और स्कूल परिसर में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, टूटे तालों और प्रवेश द्वारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा सार्वजनिक स्थान पर नशा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। फिलहाल स्थानीय लोगों की शिकायतों के चलते दुर्गा बाड़ा और आदर्श हेमू कलानी स्कूल परिसर में कथित नशाखोरी का मुद्दा चर्चा में है। दुर्गा बाडा और हेमू कलानी स्कूल परिसर व आसपास लग रहे शराबियों के जमवानडे की जानकारी पुलिस को किसी ने आज तक नहीं दी है, यदि ऐसे स्थलों पर खुलेआम शराबखोरी की जा रही तो पुलिस के द्वारा उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी - डीएसपी. वीरेंद्र चतुर्वेदी ।

पलारी में 11वें आयुर्वेद दिवस पर योग, ध्यान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर पंचायत पलारी के डीप गार्डन शारदा मंदिर एवं सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण, बालसमुंद में बुधवार 23 सितंबर 2026 को 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर योग एवं ध्यान सत्र, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं काढ़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संचालनालय रायपुर के निर्देश एवं जिला आयुष विभाग बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय दतरेंगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने भगवान धन्वंतरि जी के छायाचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। डीप गार्डन में योग परिवार की ओर से भ्रामरी, उद्गीत, प्राणायाम, वृक्षासन, ताड़ासन सहित विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। उपस्थित लोगों को योग एवं ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार ने वर्तमान जीवनशैली में आयुर्वेद एवं योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योग, संतुलित दिनचर्या और आयुर्वेदिक जीवन पद्धति को अपनाकर स्वस्थ जीवन की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम में योग शिक्षक राजकुमार यदु, मीना साहू, भूमिका वर्मा, दिनेश साहू, पार्षद देवेंद्र वर्मा, शिक्षक ओसराम साहू, मनहरण ध्रुव सहित योग परिवार के सदस्य एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योग परिवार के सदस्य फत्तेसेन ने किया। इस अवसर पर जगदीश पटेल, आशीष ठाकुर, बल्लू यादव, पैकरा सर, रुपलाल देवांगन, सूरज ठाकुर, विकास पटेल, महेंद्र वर्मा, खान सर, शंकर कश्यप, सहायक नोडल अधिकारी, आयुष चिकित्सक डॉ. नेकदत्त बरतामसी, डॉ. आंचल गनवीर, फार्मासिस्ट किशन कुमार साहू लोग उपस्थित रहे।

जांच टीम के समक्ष तालाब निर्माण में गड़बड़ी की नहीं हुई पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



जनपद पंचायत बिलाईगढ के अंतर्गत, ग्राम पंचायत खम्हरिया के आश्रित ग्राम गोपालपुर में सन- 2015-16 में नया तालाब गहरीकरण कार्य स्वीकृत हुआ था। स्वीकृति राशि 8 लाख 46 हजार एवं गौशाला स्थल में डबरी निर्माण, कुआं निर्माण स्वीकृति राशि 16 लाख 63 हजार सन- 2017/18 । जिसका कार्य एजेंसी रामदयाल साहू तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया थे। उपरोक्त कार्य के जांच करने के लिए जीवन लाल साहू गोपालपुर ने कलेक्टर जनदर्शन में लिखीत में आवेदन दिया था और उन्होंने जिला स्तरीय जांच टीम की मांग की थी। लेकिन लगभग एक -डेड़ माह के बाद जनपद स्तर के जांच टीम गठित की गई ।

उसी आदेश के पालन में समारु प्रेमी सह आ ले परी एवं करा अधिकारी एवं अनिल निराला सब इंजीनियर जांच करने आए थे इन्होंने पक्ष विपक्ष को सूचना दिया था। साथ साथ तत्कालीन सचिव हेत राम विश्वकर्मा एवं यशोधरा साहू को बुलाएं थे। जिसमें ग्रामीण जन उपस्थित हुए थे। जांच टीम ने सबसे पहले पंचनामा लिए उसके बाद,तत्कालीन सचिवों से कार्य के वस्तु स्थिति को लिखित में लिया। तत पश्चात ग्रामीणों को साथ में लेकर स्थल पहुंचे सभी ने कार्य का मुआयना किया तो वहां नया तालाब, डबरी, कुआं निर्माण नहीं मिला। जांच टीम ने शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों को बताया कि वास्तव मे जिस कार्य के लिए शासन राशि स्वीकृत किया था वह स्थल में नहीं मिला। जांच टीम ने आगे बताया कि इतना में जांच पुरा नहीं हुआ है, जांच प्रक्रिया अभी जारी है। अभी हर स्तर मे जांच करना पड़ेगा जो अभी बाकी है। जांच पुरा होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी जांच टीम ने ग्रामीणों एवं मीडिया के समक्ष नया तालाब, कुआं डबरी नहीं मिलना स्वीकार किया है।

शिकायतकर्ता ने जांच पुरी कर उचित कार्रवाई करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

मूरा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बंगोली। ग्राम मूरा में 26 वर्षीय युवक द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। जानकारी के अनुसार, पेशे से हाइवा चालक पुनित



राम रोज की तरह दोपहर में अपने कमरे में सोने गया था और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच जब मृतक के पिता डोमार पाल अपने बेटे को उठाने गए और दरवाजा खटखटाया, तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका होने पर पिता ने आनन-फानन में दरवाजा तोड़ा। अंदर का नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए, पुनित राम छत के पंखे के हुक में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर लटका हुआ था। बताया जा रहा है कि मृतक दो भाइयों में छोटा था। उसकी शादी दो वर्ष पूर्व कोलिहा भाटापारा में हुई थी और उसकी कोई संतान नहीं थी। मृतक की पत्नी लीला बाई पाल पिछले एक माह से अपने मायके में रह रही थी। घटना की सूचना तुरंत खरोरा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात होने के कारण घटनास्थल वाले कमरे को सील कर चाबी अपने कब्जे में ले ली थी।

श्याम अरदास में गूंजे भक्ति के सुर, प्रेम टीनू के भजनों पर जमकर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



पूजा सिंधी पंचायत भवन में श्री श्याम अरदास का आयोजन किया गया। राजस्थान से आए भजन गायक प्रेम शर्मा और नेवरा के भजन गायक टीनू शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज में खाटू वाले श्याम बाबा के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा पंचायत परिसर श्याम भक्ति में डूब गया। भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते और नाचते नजर आए।

■ खाटू वाले श्याम बाबा की भक्ति में देर रात तक सराबोर रहा सिंधी पंचायत भवन

कार्यक्रम का शुभारंभ रात करीब 9 बजे खाटू वाले श्याम बाबा की पूजा-अर्चना एवं विशेष आरती के साथ हुआ। इसके बाद भजन गायक टीनू शर्मा ने गणेश वंदना से भजन संध्या की शुरुआत की। उन्होंने एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सच्चे हृदय से श्याम का सुमिरन किया करो भजन ने भक्तों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं बाबा मेरा दीवाना की प्रस्तुति पर श्रद्धालु अपनी जगह पर खड़े होकर झूमने लगे। रात करीब 12 बजे राजस्थान से आए भजन गायक प्रेम शर्मा ने श्याम अरदास के साथ अपनी प्रस्तुति शुरू की। "म्हे म्हारा श्याम का लाडला" जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद उन्होंने "श्याम मेरा मनमीत", "मंगल गाओ" सहित आधा दर्जन से अधिक भजनों की प्रस्तुति दी।

भजनों के दौरान ऐसा माहौल बना, मानो पूरा पंचायत परिसर श्याम भक्ति में लीन हो गया हो। करीब रात 1.30 बजे तक चले श्री श्याम अरदास का समापन खाटू वाले श्याम बाबा की आरती के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर और राजिम सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्याम भक्त पहुंचे।

अर्जुनी में महिलाओं ने आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का दिया संदेश

बिहान समूह की महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों में बिहान समूह की महिलाएं नुक्कड़ नाटक एवं अन्य जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों तक पहुंचा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम अर्जुनी में बिहान समूह की महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं ने बताया कि बिहान जैसी पहल ने गांव की महिलाओं को समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। समूह से जुड़कर महिलाएं बचत, आजीविका गतिविधियों और विभिन्न स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है और वे परिवार के साथ-साथ गांव के विकास में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

महिलाओं ने अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से यह संदेश दिया कि आज ग्रामीण महिलाएं केवल चूल्हे-चौके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समूह के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। बिहान समूहों ने महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन और आगे बढ़ने के नए मार्ग प्रशस्त किए हैं।

नुक्कड़ नाटक में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया, महिलाओं के लिए उपलब्ध अवसरों तथा योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के संबंध में भी जानकारी दी गई। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



खबर संक्षेप



45 दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग और कैलिपर्स वितरित

सिमगा। जनपद पंचायत सिमगा में सेवा संकल्प अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन प्रमाणीकरण एवं ऑन द स्पॉट कृत्रिम अंग, कैलिपर्स एवं स्प्लिंट वितरण शिविर आयोजित किया गया। इसमें कुल 189 दिव्यांगों का पंजीयन, 125 दिव्यांगजनों का सहायक उपकरण के लिए ऑनलाइन पंजीयन किया गया एवं 45 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और कैलिपर्स निर्माण कर वितरण किया गया। वहीं 87 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। इस निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग निर्माण हेतु एलिम्को टीम द्वारा चिन्हांकन एवं माप लिया गया। साथ ही नशामुक्त अभियान के तहत नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। शिविर में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोण्डे, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, दामाखेड़ा सरपंच कमलेश साहू, एसडीएम अतुल शेटे, सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर, उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, मापन हेतु एल्मिको टीम उपस्थित थे।

महानदी तट पर मां डोंगर देवी धाम में नवरात्र की तैयारियां शुरू

भवानीपुर। ग्राम पंचायत मलपुरी स्थित प्रसिद्ध मां डोंगर देवी धाम में शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महानदी के मनोरम तट पर स्थित यह देवी धाम क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्र के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर समिति और ग्राम पंचायत द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मनोकामना पूर्ति की मान्यता: मां डोंगर देवी के प्रति स्थानीय लोगों के साथ ही दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं में भी गहरी आस्था है। मान्यता है कि सच्चे मन से मां के दरबार में पहुंचकर प्रार्थना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के चलते नवरात्र के नौ दिनों में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस वर्ष भी हजारों भक्तों के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद है। **विशेष पूजा-अर्चना व महाआरती :** नवरात्र पर्व के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती और ज्योति कलश स्थापना सहित धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, छांव, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महानदी तट पर मंदिर स्थित होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

शैक्षणिक भ्रमण पर आई बालिकाओं ने कलेक्टर-एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बिटिया एटदीरेट वर्क अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संबंध में शासन के निर्देश अनुसार एक्सपोज़र विजिट के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के किशोरी बालिकाओं को जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। किशोरी बालिकाओं ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से भेंट-मुलाकात की। कलेक्टर ने बालिकाओं से संवाद करते हुए हम होंगे कामयाब पोर्टल पर पंजीयन कर अपनी शिक्षा एवं भविष्य से संबंधित अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा को जीवन में सफलता का महत्त्वपूर्ण आधार बताते हुए नियमित रूप से अध्ययन करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने बालिकाओं को शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली को समझने तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार उनका लाभलेने के लिए प्रोत्साहित किया। बालिकाओं ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और अपने प्रश्न भी पूछे।

प्रशासन के कार्यों की समझी बारीकीयां





साइबर सुरक्षा पर की बात

इसके पश्चात किशोरी बालिकाओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक गौरव राय से भेंट की। पुलिस अधीक्षक श्री राय द्वारा बालिकाओं को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने साइबर ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से सावधान रहने के उपाय बताए।

नाराजगी : मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग

लैब असिस्टेंट के प्रश्नपत्र में आपत्तिजनक लोकोक्ति पर सेन समाज का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

छत्तीसगढ़ प्रांत सेन (नाई) समाज जिला बलौदाबाजार ने 20 सितंबर को व्यापम द्वारा आयोजित लैब असिस्टेंट परीक्षा के प्रश्नपत्र में सेन समाज से संबंधित कथित आपत्तिजनक एवं अपमानजनक लोकोक्ति को विकल्प के रूप में शामिल किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। समाज की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि परीक्षा के प्रश्नपत्र में सामान्य ज्ञान अथवा भाषा से संबंधित प्रश्न के विकल्प के रूप में "नाऊ मरगे त मुड़ कौन मुड़ही" जैसी लोकोक्ति को शामिल किया गया। सेन समाज का कहना है कि उक्त लोकोक्ति समाज की पारंपरिक पहचान एवं व्यवसाय से जुड़ी हुई है। परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंच पर इसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत किए जाने से समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।



विभिन्न क्षेत्रों में समाज की भागीदारी

समाज पदाधिकारियों ने कहा कि सेन समाज की पहचान केवल पारंपरिक केश-कला या किसी एक व्यवसाय तक सीमित नहीं है। समाज के लोग आज शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, व्यापार, राजनीति, कला, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में समाज से संबंधित किसी भी संदर्भ को सार्वजनिक अथवा आधिकारिक मंच पर प्रस्तुत करते समय सम्मानजनक भाषा और सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान रखा जाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने शासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बसंत श्रीवास, जिला संरक्षक भवानी प्रसाद श्रीवास, मलेश्वर श्रीवास, कन्हैया श्रीवास, जिला कुंदन लाल श्रीवास, नागेश श्रीवास, कार्यवाहक अध्यक्ष हरिशंकर, अनिल श्रीवास सेन, जिला सचिव फगुराम सेन, जिला सचिव नागेश सेन, मुरीत श्रीवास, कसडोल परिक्षेत्र सचिव योगेंद्र सेन, कोषाध्यक्ष कसडोल परिक्षेत्र, प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अजय श्रीवास, जिला कोषाध्यक्ष प्रभापाल सिंह सेन, अध्यक्ष सेलून संघ कसडोल गज्जू श्रीवास, अध्यक्ष सेलून संघ बलौदाबाजार राजकुमार भारत, जीतू सेन, अध्यक्ष पलारी तथा अध्यक्ष पलारी सेलून संघ सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

समाज की भावनाओं का सम्मान करने की अपील

अन्य लोकोक्तियों का भी लिया जा सकता था उदाहरण समाज पदाधिकारियों ने कहा कि भाषा अथवा सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों के लिए अनेक प्रचलित एवं सामान्य लोकोक्तियों का उदाहरण लिया जा सकता था। उनका कहना है कि प्रश्नपत्र तैयार करते समय शब्दों के सामाजिक प्रभाव और विभिन्न समुदायों की भावनाओं को ध्यान में रखा जाना आवश्यक है। किसी समाज की पारंपरिक पहचान से जुड़ी लोकोक्ति को परीक्षा में शामिल करने से पहले उसके संदर्भ और संभावित प्रभाव का परीक्षण किया जाना चाहिए था।

प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया पर उठाए सवाल

ज्ञापन में व्यापम की प्रश्नपत्र निर्माण प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। समाज का कहना है कि महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र तैयार करने, परीक्षण और अंतिम अनुमोदन की प्रक्रिया होती है। ऐसे में संबंधित लोकोक्ति प्रश्नपत्र में किस स्तर पर शामिल हुई और उसे अंतिम रूप देने से पहले इसकी समीक्षा क्यों नहीं की गई, इसकी जांच आवश्यक है। सेन समाज ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि संबंधित प्रश्नपत्र में उक्त लोकोक्ति को शामिल करने का आधार क्या था। साथ ही भविष्य में प्रश्नपत्र निर्माण के दौरान सामाजिक एवं सांस्कृतिक संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

10 ग्राम पंचायतों में बनेंगे सामुदायिक भवन, 65 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार में विकास की रफ्तार अब गांव-गांव तक पहुंच रही है। इसी कड़ी में विधानसभा के भाटापारा-सिमगा के लिए बड़ी सौगात मिली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 2026-27 के तहत भाटापारा और सिमगा विकासखंड के 10 ग्राम पंचायतों में नवीन सामुदायिक भवनों के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।



शिवरतन शर्मा ने जनसंपर्क के दौरान इस समस्या को गंभीरता से सुना और इसे अपनी प्राथमिकता में लेते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राशि स्वीकृत कर दी गई।

65 लाख की लागत से 10 गांव में बनेंगे सामुदायिक भवन

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख रुपये की कुल 65 लाख रुपये राशि स्वीकृत की गई है।

भाटापारा के 4 गांव शामिल

धुर्राबांधा में पाल पारा में सामुदायिक भवन, खम्हरिया में यादव पारा में सामुदायिक भवन, राजपुर में महामाया पारा में सामुदायिक भवन और खोखली में आदिवासी पारा में सामुदायिक भवन की सौगात मिली है। वही सिमगा विकासखंड के 6 गांव शामिल जिसमे मोटियारीडीह में दुर्गा पारा में, पौसरी में, खैरघट में शीतला पारा में, तरपोंगा में निषाद पारा में, डोंगरिया में और मनोहरा में नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। उक्त स्वीकृति की खबर से गांवों में खुशी है। ग्रामीणों ने शिवरतन शर्मा के प्रतियोगिता आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिवरतन शर्मा विधायक नहीं होने के बावजूद भी हमारे बीच आते हैं, हमारी समस्याएं सुनते हैं और उसे पूरा कराते हैं। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि मेरे लिए विकास का अर्थ केवल शहरों में विकास करना नहीं है, बल्कि शहर के साथ साथ गांव के अंतिम व्यक्ति, अंतिम पारा और अंतिम मोहल्ले तक मूलभूत सुविधा पहुंचाना है। सामुदायिक भवन केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं है, यह हमारे गांव की संस्कृति, सामाजिक एकता और सुख-दुख के साझा केंद्र होते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए समर्पित है। इन भवनों के निर्माण से गांव में सामाजिक समरसता और मजबूत होगी।

बच्चों ने रंगों से गढ़ी विकसित भारत की तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, कटगी में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर विशेष चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं और सपनों के भारत को रंगों एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से कागज पर जीवंत किया। बच्चों द्वारा तैयार की गई चित्रकलाओं में विकसित भारत, स्वच्छ भारत, पर्यावरण संरक्षण, हरियाली, राष्ट्रप्रेम तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित विभिन्न विषयों को प्रमुखता से दर्शाया गया। विद्यालय की प्राचार्य खिलेश्वरी थवाईत ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को 'मेरा भारत कैसा हो' विषय पर अपनी सोच और कल्पना को चित्र के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया गया था। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीव जायसवाल, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के विनोद देवांगन, किशोर थवाईत एवं युवा मोर्चा के कृष्णा देवांगन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए अतिथियों ने कहा कि बच्चों के सपनों और उनकी कल्पनाओं में ही भविष्य के भारत की तस्वीर दिखाई देती है। ऐसे रचनात्मक आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं।

नौकरी व लोन ऐप के नाम पर हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां



छत्तीसगढ़ पुलिस के निर्देश पर 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के छठवें सप्ताह में सरसींवां पुलिस ने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। 13 से 22 सितंबर के बीच थाना, चौकी, गांव, स्कूल-कॉलेज, हाट-बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर 6 हजार से अधिक लोगों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के इस चरण में विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के युवाओं और श्रमिकों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। पुलिस ने बताया कि साइबर ठग फर्जी नियुक्ति पत्र, लोन ऐप, ओटीपी, क्यूआर कोड, यूपीआई और केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। फर्जी लेटरहेड के जरिए नौकरी का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन फीस मांगी जाती है, जबकि कुछ संदिग्ध लोन ऐप मोबाइल की निजी जानकारी तक पहुंच बनाकर लोगों को ब्लैकमेल करने का प्रयास करते हैं। सरसींवां पुलिस ने लोगों को सावधान करते हुए बताया कि पैसा प्राप्त करने के लिए ओटीपी, यूपीआई पिन या पासवर्ड बताने की जरूरत नहीं होती। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पिन, पासवर्ड अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें। अनजान लिंक या संदिग्ध एपीके फाइल पर क्लिक अथवा डाउनलोड करने से बचें। लोन ऐप को कॉन्टैक्ट, गैलरी जैसी निजी जानकारी की अनावश्यक अनुमति नहीं देने की भी सलाह दी गई। नौकरी का ऑफर मिलने पर संबंधित कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट अथवा अधिकृत माध्यम से पुष्टि करने की अपील की गई। रोजगार के लिए रोजगार कार्यालय के पोर्टल, कौशल उन्नयन योजनाओं, रोजगार मेलों और श्रम विभाग के अधिकृत शिविरों जैसे सरकारी माध्यमों का उपयोग करने की सलाह भी दी गई। पुलिस ने अपील की कि साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें।

विकास कार्यों को मिली नई गति, 1.47 करोड़ के पाथवे सहित संत कंवर राम परिसर का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 1.47 करोड़ की लागत से बनने वाले पाथवे (वॉकिंग स्ट्रीट) तथा हेमू कल्याणी वार्ड में संत कंवर राम परिसर के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है और इसका लाभ अब शहर के अलग-अलग वार्डों तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 1.47 करोड़ का पाथवे नागरिकों के लिए बेहतर और सुरक्षित आवागमन का माध्यम बनेगा, वहीं हेमू कल्याणी वार्ड में संत कंवर राम परिसर के निर्माण से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नया स्थान और बेहतर आधार मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा को बेहतर नागरिक सुविधाओं वाला, सुव्यवस्थित और विकसित शहर बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा योजनाबद्ध तरीके से लगातार कार्य किए जा रहे हैं।



विकास कार्यों से बदलेगा वार्डों का स्वरूप

पाथवे और संत कंवर राम परिसर जैसे कार्यों से भाटापारा में नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक एवं सामुदायिक अधोसंरचना को भी मजबूती मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विकास की यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी और आवश्यकता के अनुसार शहर के अन्य क्षेत्रों में भी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति मनीष मिश्रा, गोविंद पटेल, सतीश तलरेजा, कुंजराम कोसले, पार्षद नंद किशोर वैष्णव, भावना प्रकाश ठाकुर, लक्ष्मीकांत टंडन, उमाशंकर वर्मा, शुभम सिंह राजपूत, एल्डरमैन राजा कामनानी, डॉ संतोष वर्मा, मधु सोनी मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, अनिल गिदवानी, सच्चानंद थादवानी, अध्यक्ष रंजीत दावानी राजेश छाबड़िया आदि व वार्डवासी मौजूद रहे।

हेमू कल्याणी वार्ड में बनेगा संत कंवर राम परिसर

हेमू कल्याणी वार्ड में संत कंवर राम परिसर निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। प्रस्तावित परिसर को धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उपयोगी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। परिसर के निर्माण से समाज के विभिन्न आयोजनों, सामुदायिक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए क्षेत्रवासियों को एक बेहतर एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा।

विभिन्न योजनाओं की ली जानकारी

डीईओ ने ली प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार गेंदले ने भाटापारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा, समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की गुरूकुल हायर सेकेण्डरी विद्यालय भाटापारा में समीक्षा बैठक ली।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रशस्त एप, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पेड़ लगाने की समीक्षा, नशा मुक्त विद्यालय की जानकारी, एमबीयू वैलिडेशन, अपार आईडी, बालवाड़ी, आईसीटी, यू-डाईस, विद्यार्थियों की जीपी में एन्ट्री की



जानकारी, शिक्षकों की प्रोफाईल एन्ट्री, स्कूल प्रोफाईल एन्ट्री, ड्राप बाक्स में बच्चों को इम्पोर्ट करना संबंधी सभी प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों से जानकारी ली गई। साथ ही जेम पंजीयन, एसएनए स्पर्श पर चर्चा, आईसीटी योजना, रंगाई पोताई निरीक्षण, व्हीएसके 2.0 नवीन वर्जन, लईका चिन्हारी एप सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के सर्वे, एफएलएन कीट का नियमित उपयोग, एफएलएन को सभी स्कूलों में 100 प्रतिशत प्राप्ति के लक्ष्य पर चर्चा, एफएलएन पुस्तक स्कैनिंग 100 प्रतिशत पूर्ण करना (अभ्यास पुस्तक), रचनात्मक लेखन, एफएलएन के अंतर्गत मुस्कान पुस्तकालय को सक्रिय करना, प्रतिमाह चर्चा पत्र को डाउनलोड करके पढना, एफएलएन के अंतर्गत शनिवार बैगलेश डे मनाये जाने संबंधी चर्चा की गई।

सभी संकुल प्राचार्यो एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को शालाओं का नियमित निरीक्षण कर राज्य एवं जिले द्वारा चाही गयी वांछित जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किया गया। बैठक में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र वर्मा सहित बीईओ, प्राचार्य, बीआरसी, संकुल समन्वयक उपस्थित थे।



